# सिम्फनी खरीदेगी ऑस्ट्रेलिया की क्लाइमेट टेक्नोलॉजी

नई दिल्ली : एयर कूलर बनाने वाली कंपनी सिम्फनी लिमिटेड ने ऑस्ट्रेलिया की कूलिंग व हीटिंग अप्लायंसेज बनाने वाली कंपनी क्लाइमेट टेक्नोलॉजीज को खरीदने का एलान किया है। यह सौदा 201 से 221 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है। ऑस्ट्रेलियन मुद्रा में यह सौदा 4 से 4 .4 करोड़ डॉलर के बीच होगी। कंपनी का कहना है कि सौदे की अंतिम कीमत सभी शर्तों के पूरा होने के बाद ही तय हो पाएगी। कंपनी इस सौदे की वित्त आपूर्ति आंतरिक स्रोतों और कर्ज के जरिये करेगी। (वि)